प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लखनऊ के बादशाह नगर, बरेली सिटी और ललितपुर समेत देश भर के 18 रेलवे स्टेशनों पर पीएम जन औषधि केंद्रों का वर्चुअलो किया शुभारंभ।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने संपत्ति विध्वंस पर समूचे देश के लिए जारी किय दिशा निर्देश : उचित प्राधिकार के बिना किसी भी सम्पत्ति के विध्वंस को समझा जाएगा मनमानी कार्रवाई।
3. प्रदेश में उपचुनाव को लेकर प्रचार तेज : भाजपा के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवारों के लिये की जनसभा। और
4. बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर से लखनऊ में आयोजित होगा छह दिवसीय अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव : 22 प्रदेशों के लोक कलाकार लेंगे हिस्सा।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लखनऊ क बादशाह नगर रेलवे स्टेशन, बरेली सिटी और ललितपुर समेत देश भर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 18 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया।

उन्होंने बिहार के दरभंगा से 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अन्य विकासात्मक परियोजनाओं के साथ इन केंद्रों का उद्घाटन किया। ये केंद्र यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशनों पर सस्ती दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान लोगों को सस्ती और निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं और दवाएं उपलब्ध कराना है। बाइट.....

*साथियों, हमारी सरकार देश में स्वास्थ्य को लेकर होलिस्टिक एप्रोच के साथ काम कर रही है। हमारा पहला कदम हमारा फोकस बीमारी से बचाव पर है। दूसरा फोकस बीमारी की सही तरीके से जांच पर है। तीसरा फोकस है लोगों को मुफ्त और सस्ता इलाज मिले और सस्ती दवाएं मिलें। हमारा चौथा फोकस है छोटे शहरों में भी इलाज की बेहतरीन सुविधाएं पहुंचाना। देश में डॉक्टरों की कमी। और हमारा पांचवां फोकस है स्वास्थ्य सेवाओं में टेक्नोलॉजी का विस्तार करना।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि बेहतर जीवन शैली को बढ़ावा देने के साथ योग, आयुष और पोषण को मुख्य स्वास्थ्य सेवाओं मं एकीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने लोगों की मानसिकता बदलकर और उन्हें सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं और औषधियां उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य को बदल दिया है। श्री मोदी ने कहा कि आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री जन औषधि योजनाओं ने पहले की रूढ़िवादी प्रणाली को पूरी तरह से बदल दिया है। बाइट.....

*हमने देशभर में डेढ़ लाख से ज्याम्दा आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए हैं। इससे कैंसर, डायबिटीज जैसी अनेक बिमारियों के बारे में शुरू में ही पता लग सकता है। आयुष्मान भारत योजना से अब तक देश में चार करोड़ से अधिक गरीब मरीजों का इलाज हो चुका है।*

——————————

सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि कार्यपालिका, व्यक्तियों की संपत्तियों को ध्वस्त करके उनके अपराध का निर्धारण करने में न्यायपालिका के रूप में कार्य नहीं कर सकती है। आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाइ को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर एक महत्वपूर्ण फैसले में, न्यायालय ने कहा है कि उचित प्राधिकार के बिना किसी भी संपत्ति के विध्वंस को मनमाना समझा जाएगा। दो न्यायाधीशों की पीठ ने संपत्तियों के अनधिकृत विध्वंस को रोकने के लिए अखिल भारतीय दिशा निर्देश भी जारी किए हैं। पेश है एक रिपोर्ट....

*सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि कारण बताओ नोटिस के बिना कोई विध्वंस नहीं होना चाहिए। यह नोटिस या तो स्थानीय नगरपालिका कानूनों द्वारा निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर या सेवा की तारीख से 15 दिनों के भीतर में जो भी बाद में हो, वापस किया जाना चाहिए। नामित प्राधिकारी को प्रभावित पक्ष को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर प्रदान करना आवश्यक है, जिसमें सुनवाई का विवरण विधिवत दर्ज किया जाए। दिशानिर्देशों में यह भी कहा गया है कि विध्वंसक कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाए, उसे संरक्षित रखा जाए, जिला कलेक्टर को रिपोर्ट किया जाए और डिजिटल पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाए। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघेन्द्र त्रिपाठी।*

——————————

केंद्रीय विद्युत व आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने आज लखनऊ में प्रदेश के विद्युत और शहरी विकास मंत्री ए के शर्मा के साथ राज्य के विद्युत और शहरी विकास से संबंधित मुद्दों पर समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्रों और नगर विकास से संबंधित कार्यों पर भी चर्चा हुई।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में अब प्रत्याशियों के प्रचार के लिए एक सप्ताह से कम का समय बचा है। राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज कानपुर की सीसामऊ विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार किया।इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी पर तीखे

हमले किए। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज कानपुर की सीसामऊ विधानसभा के लिए सपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जनसभा की और भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

—————————

प्रदेश में 9 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में प्रयागराज जिले की फूलपुर विधानसभा सीट भी शामिल है। भाजपा के विधायक प्रवीण पटेल के 2024 में सांसद बनने के बाद यह विधानसभा सीट रिक्त हो गई। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

*फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और सपा के बीच माना जा रहा है, लेकिन बसपा ने भी अपना उम्मीदवार उतारकर लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। भाजपा ने फूलपुर की पूर्व सांसद केसरी देवी पटेल के बेटे पूर्व विधायक दीपक पटेल को चुनाव मैदान में उतारा है। दीपक पटेल 2012 में करछना विधानसभा सीट से बसपा के विधायक रह चुके हैं। वहीं समाजवादी पार्टी ने मो मुजतबा सिद्दिकी को टिकट दिया है। सिद्दिकी 2022 के विधानसभा चुनाव के पहले बसपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए थे. उन्होंने 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। जबकि बसपा ने जितेंद्र कुमार सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। फूलपुर से कुल 12 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। जिनमें छोटे दलों के उम्मीदवार और 5 निर्दल प्रत्याशी भी शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र के चार लाख सात हजार 366 मतदाता 20 नवंबर को इनकी किस्मत का फैसला करेंगे। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, फूलपुर।*

—————————

केंद्रीय वाणिज्य उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने आज मानव वन्य जीव संघर्ष

रोकने के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व द्वारा तैयार जागरुकता रथ बाघ–एक्सप्रेस को टाइगर रिजर्व मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर श्री प्रसाद ने कहा कि जंगल किनारे के 72 गांवों में इन रथों के माध्यम से लोगों को वन्य जीवों के बारे में जागरूक किया जाएगा। इससे पहले श्री प्रसाद पीलीभीत में आयोजित दिशा की बैठक में शामिल हुए। श्री प्रसाद का अपने संसदीय़ क्षेत्र पीलीभीत का दो दिवसीय दौरा आज समाप्त हो गया।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती पर लखनऊ के संगीत नाटक अकादमी में छह दिवसीय अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव का शुभारंभ करेंगे। समाज कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने बताया कि उद्घाटन समारोह के उपरांत 11 बजे से सांस्कृतिक समागम शोभायात्रा भी निकलेगी। बाइट.....

*इस बार ये अंतर्राष्ट्रीय जनजाति दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसमें 22 राज्यों के प्रतिनिधिमण्डल के आने की पुष्टि अभी तक हो चुकी है। इसमें सांस्कृतिक गतिविधियों भी होंगी, व्यंजन भी होंगे और सबसे महत्वपूर्ण परिचर्चाएं होंगी कि किस तरीके से जनजाति कल्याण के लिए हमको काम करना है। अभी तक की सूचना।*

————————

अमरोहा के गंगा धाम तिगरी में चल रहे राजकीय कार्तिक पूर्णिमा मेले के मद्देनजर निकटतम कांकाठेर रेलवे

स्टेशन पर आज से 16 नवंबर तक 11 एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव शुरू किया गया है। स्टेशन अधीक्षक क एल कश्यप ने आज यह जानकारी दी। उधर, कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम गोरखपुर से अयोध्या के लिए कल से 16 नवंबर तक 45 अतिरिक्त बसें चलाएगा।

———————

रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के लिए आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश और कर्नाटक के बीच मुकाबला शुरु हुआ। उत्तर प्रदेश की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। हालांकि उसका यह फैसला उस समय गलत साबित हुआ जब पूरी टीम 89 रन पर पवेलियन लौट गई। जवाब में कर्नाटक की टीम ने आज का खेल खत्म होने तक 5 विकेट पर 127 रन बना लिए हैं। इस प्रकार पहली पारी में कर्नाटक ने 38 रन की बढ़त हासिल कर ली है।

(समाप्त)